(18) आई०टी० मैनेजर

बिहार सरकार
पथ निर्माण विभाग

आदेश

अवर सचिव (निगरानी), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पीत पत्र सं०–3311 (S)We दिनांक–25.04.2025 से दिनांक–30.01.2025 को उड़नदस्ता जाँच मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही उपलब्ध कराई गयी। उड़नदस्ता जाँच प्रतिवेदन में पथ प्रमंडल, दरभंगा अन्तर्गत रजवारा–तरौनी से धोईघाट पथ भाया फरदाहा–इटहरवा–आमी–मझिगामा–धबैला–धोईघाट कि०मी० 0.00 से कि०मी० 17.20 पथ के 9वें कि०मी० में कराये गये Cement Concrete Pavement कार्य में प्रयुक्त Cement Concrete का Average Compressive Strength प्रावधान (305.916 Kg/cm^2) से काफी कम 131.6625 Kg/cm^2 पाये जाने का उल्लेख किया गया है। उक्त अनियमितता हेतु संवेदक Hopecon Infra Projects Pvt. Ltd. (निबंधन सं0–1210026 श्रेणी–01) को बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के कंडिका–11 क (ii) के तहत काली सूची में डालने की अनुशंसा की गई।

उक्त के आलोक में संवेदक से विभागीय पत्रांक–3055(E), दिनांक–16.05.2025 एवं पत्रांक–4303 (E) दिनांक–03.07.2025 के द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गई। तद्आलोक में संवेदक के द्वारा उनके पत्रांक–HIPPL/NEC/2025-26/183 दिनांक–07.07.2025 से स्पष्टीकरण उपलब्ध कराया गया, जिसमें संवेदक द्वारा कम्पनी के प्रतिनिधि की उपस्थिति में पथ की पुनः जाँच कराने का अनुरोध किया गया। कार्यपालक अभियंता, उड़नदस्ता प्रमंडल सं०–4, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–193(गो०)अनु० दिनांक–17.10.2024 से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन से स्पष्ट होता है कि उक्त जाँच कम्पनी के प्रतिनिधि की उपस्थिति में हीं की गई थी एवं पुनः जाँच की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। तत्पश्चात् विभागीय पत्रांक–5752 (E) दिनांक– 27.08.2025 से इस संबंध में पुनः स्पष्टीकरण की माँग की गई। जिसके आलोक में संवेदक के द्वारा उनके पत्रांक–HIPPL/RCD/25-26/261 दिनांक–12.02.2026 से स्पष्टीकरण उपलब्ध कराया गया। जिसमें संवेदक द्वारा कम्पनी के प्रतिनिधि को डरा–धमका कर एवं दबाव बनाकर जबरदस्ती हस्ताक्षर कराने का उल्लेख किया गया। साथ ही जाँच प्रतिवेदन के संबंध में पुनः निष्पक्ष एवं स्वतंत्र एजेन्सी से जाँच कराने का अनुरोध किया गया। प्राप्त स्पष्टीकरण समीक्षोपरान्त तथ्यपरक एवं स्वीकार योग्य नहीं पाया गया।

अतः पथ प्रमंडल, दरभंगा अन्तर्गत रजवारा–तरौनी से धोईघाट पथ भाया फरदाहा–इटहरवा–आमी–मझिगामा–धबैला–धोईघाट कि०मी० 0.00 से कि०मी० 17.20 पथ के 9वें कि०मी० में कराये गये Cement Concrete Pavement कार्य में प्रयुक्त Cement Concrete का Average Compressive Strength प्रावधान (305.916 Kg/cm^2) से काफी कम 131.6625 Kg/cm^2 पाये जाने के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के नियम–11 (क) (ii) एवं विभागीय कार्यालय आदेश सं0–154 सहपठित ज्ञापांक–5403 (S) दिनांक–18.06.2015 की कंडिका–8 (1) (c) के प्रावधानों के तहत संवेदक Hopecon Infra Projects Pvt. Ltd. (निबंधन सं0–1210026 श्रेणी–01) को 10 (दस) वर्षों के लिए कालीकृत किया जाता है।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन)।

क्र०पृ०उ०

D:\Neha Sinha\2012 ka New Folder\Sumit kumar\Blacklisting\Hopecon Infra Project Pvt. Ltd. (Rajwara) 30.03.2026.docx

Speed Post
E-mail

ज्ञापांक– प्र०–7/कार्रवाई–05–11/2025– /पटना, दिनांक..............................

प्रतिलिपि :– संवेदक Hopecon Infra Projects Pvt. Ltd., House-165, Manju Villa, Patliputra Colony, Patna, Bihar-800013/ H/O-A/206, Sheetal Dhameversh‌ine City, Gokhiware, Thane, Maharashtra-401208/ 404, Genx Icon, Near Saguna More, Bailey Road, Patna- 801503, E-mail ID- hopeconinfraprojects@gmail.com, info@hopecon.infra.com को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन)।

ज्ञापांक– प्र०– 7/कार्रवाई–05–11/2025– /पटना, दिनांक..................

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/आयुक्त एवं सचिव/सचिव, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/ जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ऊर्जा विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/पुलिस महानिदेशक–सह–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि० पटना/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन)।

ज्ञापांक– प्र०– 7/कार्रवाई–05–11/2025– /पटना, दिनांक..............................

प्रतिलिपि :– सभी मुख्य अभियंता, (रा०उ०पथ उपभाग सहित)/सभी अधीक्षण अभियंता (रा०उ०प० अंचल सहित)/सभी कार्यपालक अभियंता (रा०उ०पथ प्रमंडल सहित), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन)।

ज्ञापांक– प्र०– 7/कार्रवाई–05–11/2025– 2323 (E) /पटना, दिनांक 7/4/2026

प्रतिलिपि :– अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना/कार्यपालक अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

07/04/26

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन)।

02.04.26

D:\Neha Sinha\2012 ka New Folder\Sumit kumar\Blacklisting\Hopecon Infra Project Pvt. Ltd. (Rajwara) 30.03.2026.docx